दैनिक **क्यूँ न लिखूँ सच**

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 63 मुरादाबाद 26 June 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 10 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

# गुजरात दंगे को लेकर अमित शाह बोले- मोदी ने भगवान शिव की तरह विषपान किया, अब सच सोने जैसा चमक रहा



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साल 2002 में हुए गुजरात दंगों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि बाद की हिंसा राजनीति से प्रेरित होकर हुई थी। साथ ही उन्होंने शवों की परेड की बात से भी इनकार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ( तत्कालीन मुख्यमंत्री ) को स्कुझ की तरफ से दी गई क्लीन चिट को बरकार रखा है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में शाह ने अदालत के फैसले पर खुशी जताई और कहा कि सच बाहर आया है और %सोने की तरह चमक रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने बगैर कोई शब्द कहे बीते 19 सालों तक दर्द सहा है और भगवान शिव की तरह जहर पिया और अपने गले में रखा। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री पर आरोप लगाने वालों से माफी की मांग की है। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। उसने कहा कि क्यों आरोप लगाए गए। आप इस तरह कह सकते हैं कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे, यह साबित भी हो चुका है। यह 19 साल की जंग थी। ऐसा एक बड़ा नेता सभी दुखों को भगवान शंकर के विषपान की तरह गले में उतारकर सहन कर लड़ता रहा। अब जब अंत में सच सोने की तरह सामने आया है, तो यह सोने की तरह चमक रहा है।%

## क्या थी दंगे की वजह

शाह ने कहा, यह दंगा होने का मूल कारण गोधरा की ट्रेन के जला देना था। 60 लोगों को 16 दिन की बच्ची को मां की गोद में बैठे हुए जिंदा जलते मैंने देखा है। मेरे हाथ से अग्नि संस्कार किया है मैंने। इसके कारण दंगे हुए थे। इसके आगे जो दंगे हुए थे वे राजनीति से प्रेरित होकर हुए थे। रिजर्वेशन का आंदोलन हुआ उसे दंगों में बदल दिया गया। शवों की परेड को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, परेड नहीं किया गया। यह गलत प्रचार है।% साल 2019 में नानावटी-मेहता आयोग की रिपोर्ट में तत्कालीन सीएम मोदी को क्लीन चिट दे दी थी। गुजरात विधानसभा में पेश हुई रिपोर्ट में कहा गया था कि दंगा %आयोजित नहीं थे। शाह ने कहा कि उस दौरान गुजरात सरकार की ओर से प्रतिक्रिया देने में देरी नहीं की गई थी।27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगा दी गई थी। इस घनटा में 58 तीर्थयात्रियों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से ही गुजरात में दंगे भड़क गए थे। जहां 1 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे।

# मायावती ने राष्ट्रपति उम्मीदवार के चयन में ममता बनर्जी और शरद पवार पर लगाया जातिगत भेदभाव का आरोप



बसपा सुप्रीमो मायावती ने विपक्ष पर बसपा की उपेक्षा करने का आरोप लगा राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का ऐलान कर दिया है। इस दौरान मायावती विपक्ष पर जमकर बरसीं। मायावती ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार के चयन को लेकर बैठक में ना तो ममता बनर्जी और ना शरद पवार ने बसपा को आमंत्रित किया। ये उनकी जातिगत सोच को दिखाता है। मायावती ने विपक्षी दलों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि राष्ट्रपति उम्मीदवार चुनने में विपक्ष ने मनमानी की और बीएसपी को अलग-थलग रखा। मायावती ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा- हमने राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि बसपा ना तो एनडीए की पिछलग्गू पार्टी है और ना यूपीए की। बसपा स्वतंत्र और निडर रहकर काम करने वाली पार्टी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर कोई पार्टी देश के उपेक्षित और पिछड़े वर्ग को उठाने का काम करती है तो बसपा उसके साथ खड़ी रहेगी। इस दौरान मायावती ने विपक्ष पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष की तरफ से उम्मीदवार के चयन में बसपा की अनदेखी हुई। उन्होंने कहा 15 जून को ममता बनर्जी ने सिर्फ गिनी चुनी पार्टियों को राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार के चयन के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद 21 जून को शरद पवार ने भी 21 जून को इसी मुद्दे पर मीटिंग बुलाई और दोनों ही बार बीएसपी की अनदेखी की गई और उसे मीटिंग में नहीं बुलाया गया। इससे ममता बनर्जी और शरद पवार की जातिगत सोच जाहिर होती है।

# शकुनियों ने सत्य के विरुद्ध लाक्षागृह सजाया, गुजरात दंगों पर फैसले के बाद CM योगी का विपक्ष पर हमला

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्कुझ की तरफ से दी गई क्लीन चिट को बरकार रखा है। इसे सीएम योगी ने सत्य की जीत बताया है। कोर्ट की तरफ से आए फैसले के बाद योगी ने विपक्षी नेताओं पर हमला भी किया। सीएम योगी ने बिना किसी का नाम कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि षड्यंत्रकारियों को देश से सार्वजनिक क्षमा मांगनी चाहिए। सीएम योगी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि शकुनियों ने सत्य के विरुद्ध लाक्षागृह सजाया, किंतु सत्य सकुशल बाहर आया। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात दंगों के संबंध में आदरणीय प्रधानमंत्री जी को दी गई क्लीन चिट सत्य के सकुशल व विजयी होने का उद्घोष है। षड्यंत्रकारियों को देश से सार्वजनिक क्षमा मांगनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 गुजरात दंगा मामले में एसआईटी की ओर से नरेंद्र मोदी को दी गई क्लीन चिट बरकरार रखी है। कोर्ट ने एसआईटी के काम की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य प्रशासन के कुछ अधिकारियों की लापरवाही का मतलब यह नहीं कि राज्य प्रशासन की साजिश थी। कोर्ट ने मोदी और अन्य को फंसाने के लिए झूठी गवाही देने वाले आईपीएस अधिकारियों-आरबी श्रीकुमार और संजीव भट्ट को फटकारा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन आरोपों को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं हैं कि गोधरा कांड और उसके बाद ही हिंसा सुनियोजित साजिश का नतीजा थी। पूर्व कांग्रेस सांसद जकिया जाफरी की याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की। जस्टिस एएम खानविलकर, दिनेश माहेश्वरी और सीटी रविकुमार की बेंच ने 452 पन्नों में फैसला सुनाया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जो छानबीन हुई, उसमें ऐसा कोई तथ्य नहीं है, जो बताए कि अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा के लिए हाई लेवल पर साजिश रची गई।



**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे- knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# चुंगी से लेकर बोनेर हाईवे तक बिना डिग्री के हॉस्पिटल चल रहे हैं पर कार्रवाई की जाए-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- मलेरिया उल्टी दस्त डारिया जैसी बीमारी ग्रामीण क्षेत्रों में फैली हुई है अधिकांश घरों में बुखार बदन में दर्द सिर में दर्द जैसी बीमारियां जोरों पर हैं स्वास्थ्य विभाग कैंप लगाकर के दवाइयों का वितरण कराए हर गांव में कैंप लगाया जाए जिससे थे जो लोग किसानों के परिवार बीमारी के चपेट में उनको दवाइयां वितरण कराई जाए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि लंबे दूर दरार के गांव से अलीगढ़ तक आने में काफी दिक्कतें होती हैं बीमारियां दस्तक दे रही हैं स्वास्थ्य विभाग कॉल विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में दवाइयां वितरण कराए किसानों की यह सबसे बड़ी



शिकायत है कैंप लगाकर के दवाइयां वितरण करने से बीमार लोगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से कहां के ग्रामीण क्षेत्र की इस समस्याओं को गंभीरता से लें लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी इसकी शिकायत डीएम कमिश्नर से की जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि कमालपुर को छोड़ गजनी पुर भाकरी नगला ढ क क्षेत्रों में इन गांव में स्वास्थ्य विभाग अपनी टीम को लगाए दूर दरार के गांव में दवा वितरण कराएं धनीपुर जीटी रोड पर जितने भी हॉस्पिटल प्राइवेट चल रहे हैं इनकी जांच कराई जाए एटा चुंगी से लेकर बोनेर हाईवे तक जितने निजी हॉस्पिटल है उनकी जांच कराई जाए क्योंकि इन हॉस्पिटलों में ऑपरेशन के दौरान बहुत बड़ी लापरवाही की वजह से मौतें होती हैं इन हॉस्पिटल पर कारवाई की जाए बिना डिग्री के बिना अनुमति के बिना साक्ष्यों के अधिकांश हॉस्पिटल चल रहे हैं प्रभाव से बंद किया जाए उन पर कार्रवाई की जाए

# साफ-सफाई, कोविड वैक्सीनेशन से मृत्यु दर में आई कमी- मुख्य चिकित्सा अधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में सेव द चिल्ड्रन संस्था के सहयोग से मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में एक मीडिया वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य समुदाय में विशेष रूप से किशोरों और बच्चों में कोविड वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता लाना है, जिससे कि कोविड टीकाकरण को और भी मजबूत किया जा सके और हर वर्ग मे शतप्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। कार्यशाला में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए0पी0 भार्गव ने कहा कि कोविड टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिन संस्थाओं का सहयोग मिल रहा है, उनमें से सेव द चिल्ड्रन संस्था की भूमिका काफी महत्वपूर्ण एवं सराहनीय हैं। इस मौके पर उन्होंने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले मीडिया कर्मियों को कोरोना



वायरस और कोविड 19 संक्रमण से संबंधित विभिन्न मिथकों पर जानकारी दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश मतनहेलिया ने बताया कि बीती छह जून से जिले में कोविड टीकाकरण को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कि इस अभियान का उद्देश्य हर उस व्यक्ति तक पहुंचना है, जिसको कोविड से बचाव का टीका लगना है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था ने कोविड वैक्सीन के प्रति जागरूकता फैला रही। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक राकेश गुप्ता, जिला स्वास्थ शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अभय प्रताप सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण करें अधिकारीगण-जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसुनवाई, आई0जी0आर0एस0, सीएम हेल्पलाइन, तहसील व थाना दिवस हेतु



समय-समय पर विस्तृत निर्देश दिये गये है, जिनका शत-शत अनुपालन सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश प्रतिदिन की तरह आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने दिए है।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्यदिवसों में प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें। जनशिकायतों पर मात्र आदेश देने की औपचारिकता न करके सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी प्रार्थी की समस्या ज्यादा समय से लम्बित है, तो दूरभाष पर राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर प्राप्त समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। विशेष कर भूमि सम्बन्धी विवाद में उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी यदि आवश्यक हो तो राजस्व व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कि समस्या का स्थायी रूप से निराकरण हो सके। जनसुनवाई के समय अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों की यदि भ्रष्टाचार आदि की शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को भरपूर शक्ति से लागू किया जा सके।

जनसुनवाई के समय यदि किसी शिकायतकर्ता द्वारा एक बार से अधिक अपनी शिकायत दी जाती है तो समस्या के मूल कारण को समझ कर दोषी कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये, अथवा विशिष्ट प्रकृति की समस्याओं के लिए अगले संपूर्ण समाधान दिवस/थाना समाधान दिवस में समय निश्चित कराते हुये फील्ड के अधिकारियों के समक्ष ( तहसील एवं थाने पर ) समस्या का निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जनसमस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाय। सरकारी सीयूजी नम्बर पर अधिकारीगण स्वयं उत्तर दें एवं जनप्रतिनिधियों से दूरभाष पर भी सम्पर्क में रहें, जिससे जनपद में समन्वित रूप से जनसमस्याओं निस्तारण हो सके। आपदा विभाग भिनगा 03, राजस्व एवं आपदा विभाग इकौना 31, कृषि विभाग 01, खाद्य एवं रसद विभाग 11, समाज कल्याण विभाग 03, स्वास्थ्य विभाग 02, बाल विकास पुष्टाहार विभाग 17, पशुपालन विभाग 02, बेसिक शिक्षा विभाग 01, मत्स्य विभाग 01 एवं पंचायती राज विभाग की 02शिकायतें समय सीमा के बाद भी निस्तारण हेतु लम्बित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 03 दिवस के अन्दर लम्बित शिकायतों का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित की जाए और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाए,नही तो सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## भाजपा किसान मोर्चा महानगर ने भाजपा के नए कार्यालय पर हो रहे कार्यक्रम में भाग लिया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किसानों ने एवं पदाधिकारियों ने क्यामपुर भाजपा कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में भाग लिया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया परिचय भी दिया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के साथ महानगर किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सुशील भारद्वाज महानगर मंत्री महेश चंद बघेल सदस्य महानगर कार्यकारिणी महेंद्र सिंह बघेल आदि कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद थे

# जमुनहा के सभागार में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में घरौनी कार्ड वितरण कार्यक्रम

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-तहसील जमुनहा के सभागार में घरौनी कार्ड वितरण कार्यक्रम उप जिला अधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला के द्वारा किया गया ।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ,तहसीलदार जमुनहा फरीद अहमद, तथा नायब तहसीलदार शुभम तिवारी क्षेत्र के लेखपाल धीरेंद्र पाठक , संजीव कुमार लेखपाल , राजस्व निरीक्षक व भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। घरौनी का वितरण उप जिलाधिकारी द्वारा किया गया तथा क्षेत्र में जो लोग आबादी से



संबंधित मकान बनाए हुए थे उन्हें घरवनी कार्ड वितरण किया गया है लगभग 100 लोगों को घरौनी का वितरण उप जिलाधिकारी ने किया और बताया कि आप लोग के मकान के संबंध में उपरोक्त कागजात दिए जाते हैं जो आप लोगों के मकान के कागजात हैं।

# थाना दिवस में सुनी जनता की अनेक समस्या

सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश से प्रदेश में हर जिले वा हर थाने के स्तर से चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को बरेली के सीबीगंज थाने में थाना दिवस लगाया गया थाना दिवस में नायाब तहसीलदार अनुजा अत्रि और सीबीगंज थाना प्रभारी ओपी गौतम ने जनता की समस्याओ को सुना सुबह करीब दस बजे से दोपहर के करीब दो बजे तक थाना दिवस का आयोजन किया गया इस आयोजन में सीबी गंज थाने समेत आस पास के गाव जिससे सीबीगंज थाने की सीमाएं लगती है वहा की जनता ने थाने में आकर नायाब तहसीलदार विवाद,घरेलू विवाद मुख्य रूप से थे उसमें कुछ मामले एक एक साल से लटके हुए थे जिसको थाना दिवस में हल कर दिया गया प्रदेश सरकार के



निर्देश अनुसार हर माह के पहले और तीसरा शनिवार थाना दिवस और और दूसरा और चौथा तहसील दिवस के रूप में मनाया जाता है प्रदेश सरकार के इस कदम से काफी समस्याओ का समाधान जनता का होने लगा है थाने में कोई प्रशासनिक अधिकारी और थाने के इंचार्ज या सर्किल के सीओ बैठ कर जनता की समस्या को सुनते है और जल्द ही उसका समाधान खोजते है शनिवार को नायाब तहसीलदार के पद पर तैनात अनुजा अत्रि और उनकी राजस्व टीम के साथ थाना दिवस लगाया गया और सीबी गंज थाना प्रभारी द्वारा काफी मामलों में हस्तक्षेप करके उसका निस्तारण किया गया

# जिलाधिकारी मूढापाण्डे ब्लाक दिवस के आयोजन के अवसर पर पहुंचकर जन शिकायतों को सुना



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज मूढापाण्डे ब्लाक दिवस के आयोजन के अवसर पर पहुंचकर जन शिकायतों को सुना और बताया कि माह के द्वितीय एवं चैथे शनिवार को प्रत्येक खण्ड विकास कार्यालय पर ब्लाक दिवस आयोजन होगा और सम्पूर्ण समाधान दिवस की भांति ब्लाक स्तरीय जनशिकायतों का निस्तारण किया जायेगा। ब्लाक दिवस में 3 शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं के संबंध में ए0डी0ओ0 पंचायत से जानकारी प्राप्त की तो योजनाओं की कम प्रगति होने तथा संतोषजनक उत्तर नही देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। इण्डिया मार्का हैण्डपम्प की शिकायत दूर नही होने पर जिलाधिकारी ने 4 दिन के अन्दर ए0डी0ओ0 पंचायत को समस्या का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ग्रामीण स्तर पर निर्माणाधीन योजनाओं एवं अन्य कार्य को 10 दिन में पूर्ण कर अवगत कराने के निर्देश ए0डी0ओ0 पंचायत को दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी ए0डी0ओ0 पंचायत किसी के दबाव में कोई भी कार्य नही करेगा, बल्कि पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से अपने दायित्व का निवर्हन करें। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को प्रत्येक ब्लाक दिवस के अवसर पर ए0डी0ओ0 पंचायत के साथ बैठक करने तथा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के ब्लाक स्तरीय अधिकारी को भी ब्लाक दिवस में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ब्लाक दिवस के आयोजन का संदेश जनता तक पहुंचाये, ताकि जनता की ब्लाक स्तरीय समस्याओं का ब्लाक दिवस में समाधान किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, खण्ड विकास अधिकारी , ए0डी0ओ0 पंचायत आदि उपस्थित रहे।

# प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



मुरादाबाद-ग्राम बुध नगर में ग्वार बंजारा वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बंजारा समाज के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। ग्वार बंजारा कर्मचारी एसोसिएशन की ओर से मुरादाबाद के गांव बुधनगर में बंजारा समाज के यूपी बोर्ड परीक्षा 2022 हाईस्कूल और इंटरउत्तीर्ण प्रतिभावान छात्रों को अंग्रेजी की डिक्शनरी, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तक देकर पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह बंजारा और नरेश चंचल ने सम्मानित किया। नरेश चंचल ने बंजारा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को बैंकिंग से जुड़े सेक्टर,इंटर के बाद टीजीटी, पीजीटी, शॉर्टहैंड नीट जैसी परीक्षाओं की जानकारी दी, ताकि भविष्य में यह छात्र अलग-अलग क्षेत्र में जाकर अपना भविष्य संवार सकें। सम्मेलन में विक्रांत नायक,राकेश बंजारा, राजकुमार बंजारा, सुशील बंजारा, ईसम देवी, रुचि नायक,वंदना नायक, बलवीर सिंह नायक आदि ने प्रतिभाग किया।

WWW.KNLSLIVE.COM

# टी-शर्ट और जिन्स पहनकर आधी रात बुलेट पर निकले एसएसपी, सोते मिले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की तैयारी



शुक्रवार को आधी रात के बाद कानून व्यवस्था का हाल जानने के लिए एसएसपी सादी वर्दी में बुलेट से निकले। एक के बाद एक पांच थानों का हाल देखा। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात 15 पुलिस वाले सोते मिले। वहीं थानों में नाइट अफसर भी गायब मिले। कुछ कहीं से सूचना पाकर आनन-फानन में थाने पहुंच गए। कप्तान ने लापरवाह 15 पुलिसकर्मियों को लीव विदआउट पे करने का नोटिस भेजा है। वहीं ड्यूटी से गायब नाइट अफसरों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही थी। कप्तान की इस कार्रवाई से लापरवाह पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। एसएसपी हेमंत कुटियाल को सूचनाएं मिल रही थीं कि थानों और पिकेट पर तैनात पुलिस कर्मी आधी रात के बाद ड्यूटी में लापरवाही बरत रहे हैं। इसी के चलते कप्तान बुलेट से सादा वर्दी में सिविल लाइन्स, शहर कोतवाली, गलशहीद, मुगलपुरा व नागफनी थाने पहुंचे। आलम यह था कि थानों में तैनात 'पहरा' रायफल दूसरी जगह रखकर सोते नजर आए। कप्तान ने लापरवाह पुलिस कर्मियों को जमकर लताड़ भी लगाई। एसएसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट अवार्ड समारोह 28 को

मुरादाबाद-हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईपीसीएच) की ओर से तेइसवां हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट अवार्ड समारोह 28 जून को आयोजित होने जा रहा है। ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि यह समारोह नई दिल्ली के अशोक होटल में होगा। जिसमें वर्ष 2017-18 व 2018-19 में हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली निर्यात इकाइयों एवं कंपनियों, निर्यातकों को अवार्ड दिया जाएगा। समारोह में 126 ट्रॉफियों एवं प्रमाणपत्रों का वितरण होगा।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
www.knlslive.com

# बिलारी में नाबालिग की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल, आठ पर मुकदमा

मुरादाबाद-नाबालिग से मोहल्ले के ही एक युवक ने दुष्कर्म करके उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इस दौरान कई युवकों से संबंध बनवाने का प्रयास भी किया। युवती के मना करने पर उसकी अश्लील वीडियो को वायरल कर दी। मामले में एसएसपी को दी गई तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी। बिलारी के एक मोहल्ले के रहने वाली महिला ने मुकदमा दर्ज कराया है कि उसकी 15 साल की नाबालिग बेटी को मोहल्ले का ही गौरव अपने साथ बहला फुसला कर ले गया। इस दौरान उसके साथ शारीरिक संबंध बनाकर अश्लील वीडियो भी बना ली। तभी से वह उसकी बेटी को ब्लैकमेल कर रहा है। गौरव ने मोहल्ले के ही पुष्पेंद्र, मोनू, राजा आदि से जबरन संबंध बनवाने की कोशिश की। जब उसकी बेटी तैयार नहीं हुई तो गौरव पुष्पेंद, राजा, मोनू ने उसकी अश्लील वीडियो वायरल करनी शुरू कर दी। यह जानकारी जब मोहल्ले के बच्चों को हुई तो उन्होंने इस मामले की शिकायत घर पर की। जब सभी के घर पर समझाने के लिए गए तो महेश, जितेंद्र, मुकेश व सात से आठ लोगों ने गाली-गलौज की। बाद में घर में घुस आए और हंगामा करने लगे। इस दौरान पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर पीड़िता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Tribal Women President!

With BJP-NDA, BJD, YSR Congress Presidential candidate Draupadi Murmu filing nomination papers, there should be no hesitation in believing that the 15th President of the country should be the face of the first tribal woman. Draupadi will be the second woman President, as Pratibha Patil has lived in 'Rashtrapati Bhavan' before her. Murmu is not only a political representative, but he is being considered a symbol of the Modi government's slogan 'Sabka Saath, Sabka Vikas….'. If she is elected President, it will be proved that even the most marginalized, proletarian, oppressed and cut off from the mainstream can rise to the highest constitutional position in India's democracy. The journey of Draupadi Murmu to the Presidential candidate has been full of troubles, struggles and tragedies. When Murmu sets foot on the threshold of the 'Rashtrapati Bhavan', she will have neither husband nor son with her, as all have passed away untimely. She will be utterly alone, but still this rich country will be her own family, courtyard. A brother or family member may be with him. This isn't life's biggest tragedy, so what is? Draupadi has not allowed herself to break or disintegrate, but has kept herself busy in social work. However, the first mover of Draupadi's nomination paper is the Prime Minister of the country. Some Union Ministers, BJP National President, Chief Ministers and two Ministers of Odisha Government have also played the role of proponents. We are sure of Draupadi Murmu being elected as the President because voting is done on the marked lines in the presidential election. MPs and MLAs are voters and the value of their vote is also fixed. In view of this, about 55 percent votes are decided in favor of the candidate of BJP-NDA, BJD etc. There are no miracles in this election either. Murmu may get more votes than the fixed price as opposition parties like former Prime Minister Deve Gowda's JD-S and JMM are in a dilemma. However, the voices that are being heard are to support the tribal woman. Santhal tribal is a very important community in Jharkhand, so it is impossible to do politics by bypassing them, so the final decision of JMM seems to be in favor of Murmu. In Tamil Nadu, AIADMK has also decided to vote in favor of Draupadi. The Telangana Rashtra Samithi is yet to announce support for Yashwant Sinha, the opposition candidate. The Aam Aadmi Party is currently not shared on the common candidate of the opposition. In such a situation, more than 11 crore tribals of the country will be feeling proud, will be glorified that among them Zhi (Bua) and Di', the very common woman, Draupadi Murmu, is about to touch the highest point of the Constitution and Government. This decision of BJP and especially Prime Minister Modi is not unexpected. Such analyzes were being done that the current President Ram Nath Kovind is a Dalit, so this time OBC or Adivasi should be given a chance. Draupadi had been the Governor of Jharkhand before this candidature. He has vast experience of working in the posts of Councilor, MLA and Minister in Odisha. achievements there will also become clear in front of the BJP. However, voting is on July 18 and the new President will take office on July 25.

# Jhanvi Kapoor opened the secrets of her heart, told her husband should have these special qualities!



Jhanvi Kapoor is in the news for her film Good Luck Jerry. The film will release on July 29 on the OTT platform Disney Plus Hotstar. Jhanvi Kapoor ji is busy promoting her upcoming film these days and during a promotional activity, she recently told what qualities she wants in her future life partner. Husband should have this special quality - Jhanvi Kapoor, bringing her heart to tongue, said, 'He should be very talented and passionate about whatever work he does.' That is, Jhanvi Kapoor has made it clear in a way that it is not at all necessary for her that her husband or boyfriend should be an actor. He can also be in any profession other than the film industry. Jahnavi Kapoor told about his future life partner, 'I would like to be excited about him and learn something from him. Apart from this, sense of humor is also very important. And yes, he loves me very much.' Let us tell you that Jhanvi Kapoor's film Good Luck Jerry will be a crime thriller movie. What will be the star cast of the film? Jhanvi Kapoor, who started her career in Bollywood with the film 'Dhadak', is counted among some of the most popular and popular star kids in the industry. Talking about the star cast, apart from Jhanvi Kapoor, Deepak Dobriyal will be seen playing an important role in the film.

# Man was sending pictures of private parts to Chinmayi Sripada, complaining about Instagram account being suspended

Singer Chinmayi Sripada's Instagram account has been suspended, due to which the reason is quite surprising. Chinmayi Sripada has said that for some time, male social media users on Instagram were sending her pictures of her private parts. In such a situation, when he complained about it to Instagram, his own account has been suspended (Chinmayi Sripada Instagram account suspended). After this news surfaced, the fans of Chinmayi Sripada are looking angry and questioning the policy of social media platforms. Chinmayi Sripada had created a backup account“Recall that recently Chinmayi Sripada shared pictures of her twins on social media, which were well-liked by the fans. Photos of Chinmayi Sripada and Rahul's twin children went viral on social media. A day after this, his Insta account got suspended. Chinmayi Sripada said that she had realized this because earlier her DMs were blocked, and she had created a backup account of hers from which she had been posting for some time. The account of Chinmayi that has been suspended is https://www.instagram.com/chinmayisripaada/. People were sending pictures of private parts - According to a report by news agency IANS, Chinmayi Sripada wrote on the backup social media account, 'Finally Instagram has removed my account, because I complained about those people who are giving me their private parts. Messages pictures. This was happening for a long time, but my access was blocked. Well whatever it is, this is my backup account. Let us know that the backup account is https://www.instagram.com/chinmayi.sripada/.“Chinmayi Sripada was in discussion about MeToo Moment - It is worth mentioning that Chinmayi Sripada had been in a lot of discussion about the hashtag Meetoo Moment some time back. He accused some people of the Tamil film industry of exploiting girls. Talking about Chinmayi Sripada, she has many hit songs to her name. Chinmayi Sripada is known for voicing many famous actresses, especially Samantha Ruth Prabhu.



# बरेली दिल्ली हाईवे झुमका सिटी के पास गाड़ी पलटी बच्चे की मौत



बरेली दिल्ली हाईवे पर झुमका सिटी के पास अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गई। उसमें सवार नौ माह के बच्चे की मौत हो गई। उसके माता पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने उन्हें कर्मचारी नगर मिनी बाईपास के हॉस्पिटल में एडमिट कराया है। इज्जतनगर में महानगर कॉलोनी के रहने वाले अभिषेक चौधरी पत्नी कनिका चौधरी और बेटे क्रियांश (9) के साथ रामपुर जा रहे थे। शनिवार को झुमका सिटी चौराहे के पास मोड़ पर सामने से एक और गाड़ी आ रही थी। दोनों के बीच टक्कर हो गई। इसके बाद अभिषेक चौधरी की गाड़ी हाईवे पर पलट गई। तीन चार पलटा खाने के बाद आसपास के लोग दौड़े। जब तक उनको गाड़ी से बाहर निकाला।

उनके नौ माह के बेटे क्रेयांश की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल अभिषेक और कनिका को हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। गाड़ी को हाईवे से हटवा दिया है। एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है।

# शीशगढ़ में चार ट्रांसफार्मरों में लगी आग



बरेली-शीशगढ़ कस्बे में धनेटा शीशगढ़ रोड पर वाल्मीकि मन्दिर के निकट चार ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। शुक्रवार रात लगभग 12 बजे शार्ट सर्किट होने से ट्रांसफामरों में आग लग गई। आग लगते ही 100 केवीए का एक ट्रांसफार्मर फट गया। आग की ऊंची लपटें निकलने से हड़कंप मच गया। मोहल्ले वालों ने रात में ही सूचना जाफरपुर उपकेंद्र पर दी। वहां से सप्लाई बन्द करने के बाद बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह तीन ट्रांसफार्मरों को बचाया। जेई गिरीश कुमार ने वताया कि वाल्मीकि मन्दिर के सामने क्रमशः 400, 250, 100 व 63 केवी ए के चार ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं।

रात में शार्ट सर्किट से 100 केवी ए के ट्रांसफार्मर में आग लगने से जल गया है। बाकी तीन ट्रांसफार्मर ठीक हैं। रविवार तक जला हुआ ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा। दिन में आग लगने पर हो सकता था बड़ा हादसा मोहल्ले वालों ने बताया कि आग दिन में लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था। चारों ट्रांसफार्मर मुख्य सड़क पर एक ही जगह रखे हुए हैं। ऐसे में राहगीर आग की चपेट में आ सकते थे।

# पुलिस पर ग्रामीण की पीठ कार हत्या का आरोप: परिजनों ने शव ले जाने का किया विरोध

हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- परिजनों ने पुलिस पर युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस को शव देने का विरोध कर दिया है। थाना मेरापुर के ग्राम बरमपुरी निवासी स्वर्गीय महावीर के 35 वर्षीय पुत्र गौतम सिंह सिसोदिया उर्फ सेना की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर आज सुबह मेरापुर थानाध्यक्ष जगदीश वर्मा पुलिस कर्मियों के साथ शव का पंचनामा भरने गांव पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को शव देने से यह कहकर मना कर दिया कि पहले डीएम व एसपी को बुलाओ। उनसे शिकायत करने एवं पुलिस कर्मियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराएंगे। पुलिस की सूचना पर सीओ कायमगंज सोहराब आलम एवं सीओ मोहम्मदाबाद राजवीर सिंह गौर भी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मनाया लेकिन परिजन डीएम एसपी को बुलाने की मांग पर अड़ गए। परिजनों ने बताया कि गौतम सिंह बीती रात कमरे के बाहर चारपाई पर खुले में लेटा था। रात करीब 12.30 बजे अनेकों पुलिसकर्मी वहां पहुंचे जिनमें कुछ लोग सादा कपड़ों में थे। पुलिस



वाले गौतम को जबरन पकड़कर पीटते हुए करीब 100 मीटर दूर शिव मंदिर के सामने प्रधान पति सुनील कुमार सिसोदिया के खेत में ले गए। वहां गौतम की और पिटाई की गई जब गौतम मर गया तब पुलिस वाले शव को छोड़कर भाग गए। बताया गया कि पुलिस कर्मी दो वाहनो से पहुंचे थे गौतम के माथे पर खरगोश का निशान देखा गया। खेती कार्य करने वाला गौतम के तीन भाई व एक पुत्र और दो पुत्रियां है। गौतम की मौत पर उसकी पत्नी मंजू देवी माता लौगश्री आदि परिवार की महिलाएं बिलखती रही। विधायिका के पति पहुंचे करीब 9-30 बजे कायमगंज की विधायक डॉ सुरभि के पति डॉ अजीत गंगवार गांव पहुंचे। उन्होंने गांव वालों से घटना के बारे में जानकारी ली है पुलिस के अधिकारी स्थिति का जायजा लेकर शव का पोस्टमार्टम कराने के प्रयास में सक्रिय है।श मृतक बहेलिया जाति का है। एसपी ने की जांच पड़ताल पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मीडिया को बताया जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मेरापुर की टीम ने बीती रात गांव में अवैध शराब का लहन नष्ट किया था। रात देढ बजे की पीआरवी के द्वारा पुलिस को सूचना मिली बरमपुरी निवासी गौतम सिंह उर्फ सेना की मौत हो गई है। परिजनों ने पुलिस पर युवक की पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया मौके पर गए पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित परिजनों से बातचीत की। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है तहरीर एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। युवक ने फांसी लगाई थाना जहानगंज के ग्राम भिडैल निवासी 22 वर्षाय आकाश उर्फ गुड्डू ने बीती रात आम के पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। आकाश का शव आज सुबह फांसी पर लटका देखे जाने पर सनसनी फैल गई। भैया लाल ने कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस को अवगत कराया कि गुड्डू मेरा भतीजा था घटनास्थल कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र का है। शव का पोस्टमार्टम करवाये बताया गया कि दिल्ली में काम करने वाले गुड्डू ने खेत में लगे पेड़ से फांसी लगाई है।

# साजिद का शव सड़क पर रखकर परिजनों द्वारा किया गया विरोध

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-पुलिस द्वारा अभियुक्त गणों के विरुद्ध हुआ थाना किला में हुआ मुकदमा दर्ज मामला थाना किला बाकरगंज चौकी मोहल्ला हुसैन बाग बाबू खां पुत्र साजिद खा उर्फ मजीद उम्र 26 वर्ष साजिद बाबू खान का दूसरे नंबर का बेटा था जो के मोबाइल की वर्कशॉप रोडवेज थाना कोतवाली पर थी परिवार के मुताबिक साजिद का प्रेम पड़ोस की रहने वाली लड़की आशी पुत्री ताहिर मोहल्ला हुसैन बाग़ के साथ था जिसका परिजनों को पता लगा तो परिजनों ने साजिद का रिश्ता आशी के घर भेजा जहां के परिवार वालों ने रिश्ते से इंकार कर दिया और हमें आपके लड़के से कोई मतलब नहीं है जिसके बाद परिजनों ने साजिद की शादी बड़ी धूमधाम से बुलंदशहर की रहने वाली लड़की से कर दी इधर साजिद की शादी को 2 वर्ष भी नहीं हो पाए परिजनों का कहना है साजिद



को अक्सर आशी पुत्री ताहिर व्हाट्सएप में मैसेज करती थी साजिद को दिमागी तौर पर पीड़ित करती थी जिसकी शिकायत साजिद की पत्नी और मां ने अर्शी के घर पर जाकर करी जहां उनके साथ मारपीट हुई परिजनों का कहना है कल रात साजिद घर पर आया और उल्टियां करने लगा जिसके बाद तबीयत नाजुक होने के कारण परिजनों ने हॉस्पिटल में भर्ती कराने के लिए लेकर गए जा हॉस्पिटल द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया साजिद के पिता द्वारा थाना किला में तहरीर दी गई पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए साजिद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों को शव मिलने के बाद शव को सड़क पर रख अभिकरण के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# गुरूकुल विद्या आश्रम के हितग्राहियों की रकम लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने 2 और आरोपी को किया गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - दिनांक 06.05.2022 को ग्राम दर्रीपारा निवासी पुष्पा देवांगन की रिपोर्ट पर गुरूकुल विद्या आश्रम के संचालक व कर्मचारी ऋषि नायक, दिग्विजय दास बैरागी, प्रीति बैस व अन्य 10 लोगों के द्वारा एनजीओ एक आस कल्याण संस्था सबरी साई वेलफेयर सोसायटी प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा, वर्मीवाश, सिलाई प्रशिक्षण के नाम पर 1850 हितग्राहियों से फर्जी रूप से इनाम का लालच देकर रसीद के माध्यम से 1 करोड 22 लाख 75 हजार रूपये की वसूली कर हितग्राहियों को लाभ से वंचित रखते हुए धोखाधड़ी किया गया। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 196/22 धारा 420, 34 भादसं. का मामला पंजीबद्ध करते हुए 4 आरोपी ऋषि नायक, दिग्विजय दास बैरागी, प्रीति बैस व मदन मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। मामले के अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारी को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी रमेश लाल पिता स्व. रोचलदास लाल उम्र 58 वर्ष निवासी बिलासपुर एवं अनिल साहू पिता जवाहरलाल साहू उम्र 38 वर्ष निवासी बाजारपारा सूरजपुर को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एएसआई रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह, आरक्षक रावेन्द्र पाल व हरिशंकर सिंह सक्रिय रहे।

# जिला मुख्यालय क्षेत्र के बड़का पारा वार्ड में जरा सा बारिश की पानी से मोहल्ला बना तालाब



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - जिला मुख्यालय क्षेत्र के बड़का पारा वार्ड में जरा सा बारिश की पानी से मोहल्ला तालाब बन गया है.. मोहल्ले के घरों में पानी घुस रहा तो वही आने जाने वाले लोग परेशान है .आज हुए जरा सा हुई बारिश से बड़कापारा का मोहल्ला पानी से सराबोर हो कर तालाब बन गया है ऐसा पहली बार नही हुआ..यह समस्या 3 वर्षो से बना हुआ है..जरा सी भी बारिश होती है तो यह सड़क तालाब बन जाता है जिससे मोहल्ले वासी परेशान हो जाते है इस सड़क में चलना मुश्किल हो जाता है.ऊपर घरों से निकलने वाला बदबूदार पानी से मोहल्ले के लोग परेशान है जो इस महामारी को आमंत्रित करता है. फिलहाल हुई बारिश से मोहल्ले वालों ने प्रशासन को अवगत कराते रहे..अधिकारी जनप्रतिनिधि आते रहे लेकिन अभी तक कोई इस समस्या का समाधान नहीं कर सके...बहरहाल समस्या जस की तस बनी हुई है..

# नशा सेवन से गलत दिशा में जा रहे परिवार-समाज को रोकना हम सब की जिम्मेदारी : विधायक डॉ के के ध्रुव

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- समाज कल्याण विभाग द्वारा आज भारत माता वाहिनी के अन्तर्गत जिला स्तरीय स्वसहायता समूह का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुकुल खेल परिसर के जिम्नास्टिक हॉल गौरेला में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मरवाही विधायक डॉ के के ध्रुव और अध्यक्ष जनपद पंचायत गौरेला की सुश्री ममता पैकरा ने भारत माता की प्रतिमा में फूलमाला एवं दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। भारत माता वाहिनी समूह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ ध्रुव ने कहा कि समाज में लोग नशा सेवन की ओर ज्यादा अग्रसित हो रहें हैं उन्हें रोकना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने नशामुक्त स्वस्थ्य समाज के निर्माण में इस कार्यक्रम की प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि महिला समूह नशा के दुष्परिणाम को गांव-गांव जा कर प्रचारित करेंगे इससे लोगों में जागरूकता आएगी। समाज कल्याण विभाग बिलासपुर से आये कलापथक दल द्वारा संगीत वादन के माध्यम से नशा के दुष्परिणाम के बारे में भारत वाहिनी समूह को प्रशिक्षित किया गया। गायत्री शक्ति पीठ से आये हुए सदस्य द्वारा भी नशा को दूर करने के लिए योग एवं अन्य गतिविधि के बारे में बताया गया। ब्रम्हाकुमारी प्रजापिता के आये हुये बहनों द्वारा शराब व्यसन के बारे में कहा कि स्वयं के परिवर्तन से देश का परिवर्तन होगा। उन्होने कहा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा व्यसन मुक्ति से छुटकारा पाने के लिए प्रत्येक मानव जाति को संकलप लेना पड़ेगा। सुश्री आकृति ताम्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा सभी प्रकार के नशा सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में महिला समूह को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर भारत वाहिनी के सदस्य गणेश मार्को, मनोरमा सरांठी, रोहित, दया वाकरे अध्यक्ष आदिवासी समाज, गजमति मानू सरपंच सेमरा, बूंद कुंवर पूर्व जिला सदस्य, बिलासपुर जिले से विभागीय कलापथक के दल श्री लीलाधर भांगे, विजय केशकर. बी. एल बरते, राजेश सिसोदिया, सुनील मिश्रा सहायक संचालक समाज कल्याण, कोमल सोनी पुनर्वास सहायक, सुरेन्द्र सराँठी, ताराचन्द राठौर, विक्रम कोल, यादवेन्द्र सिंह राठौर एवं राम सिंह ध्रुव उपस्थित थे।

www.knlslive.com

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 28 जून को

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक तथा मतदान समाप्ति के बाद मतगणना की जायेगी त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 28 जून 2022 को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होना है तथा मतदान समाप्ति के बाद मतगणना की जायेगी। जिले में सरपंच के 3 पद क्रमशः ग्राम पंचायत खैरा, विकास खण्ड ओड़गी ग्राम पंचायत परसापारा एवं ग्राम पंचायत सुमेरपुर, विकास खण्ड रामानुजनगर में तथा पंच के 3 पद क्रमशः ग्राम पंचायत सुमेरपुर के वार्ड क्रमांक 1, 5 व 9 में निर्वाचन होना है। ग्राम पंचायत खैरा के 1 सरपंच पद हेतु 4 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है जिसके लिए 2 मतदान केन्द्र क्रमशः प्रा.शा. भवन मोखापारा, खैरा एवं प्रा.शा. भवन रेड़ियापारा, खैरा है। ग्राम पंचायत परसापारा के 1 सरपंच पद हेतु 4 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है जिसके लिए 01 मतदान केन्द्र प्रा.शा. भवन परसापारा है। ग्राम पंचायत सुमेरपुर के 1 सरपंच पद हेतु 5 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है तथा सुमेरपुर के पंच वार्ड क्रमांक 1, 5 व 9 हेतु 2-2 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है जिसके लिए 02 मतदान केन्द्र क्रमशः प्रा.शा. गुरहीपारा, सुमेरपुर एवं प्रा.शा. अतिरिक्त कमरा, सुमेरपुर है। निर्वाचन समाप्ति के 02 दिवस पूर्व अर्थात 26 जून 2022 की रात से सभा, भाषण बंद हो जायेगी तथा मतदान समाप्ति के 2 दिन पूर्व से लेकर मतदान एवं मतगणना तिथि तक अर्थात कुल 3 दिन शराब की बिक्री बंद रहेगी।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए थाना परिसर में किया गया वृक्षारोपण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -पर्यावरण संरक्षण एवं वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधिकारियों को वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में शनिवार को थाना प्रभारी विश्रामपुर ट्रेनी आईपीएस संदीप कुमार पटेल सहित पुलिस अधिकारी व जवानों ने थाना परिसर में वृक्षारोपण किया है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# सपा नेता भाइयों पर अवैध कब्जे की एक और एफआईआर, जान से मारने की कोशिश का भी आरोप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में सपा नेता और अलीगंज के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और उनके छोटे भाई जुगेंद्र सिंह यादव पर मीन कब्जाने की एक और रिपोर्ट दर्ज हुई है। पूर्व विधायक की गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तारी हो चुकी है, उसके बाद से लगातार दोनों भाइयो के पुराने मामले सामने आ रहे हैं। एटा के मलवान थाने में आसपुर निवासी एक व्यक्ति ने सपा नेता पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और उनके भाई जुगेंद्र सिंह यादव सहित तीन नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने सता नेताओं पर उसकी जमीन कब्जाने और गले में अंगोछा डाल जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। गांव आसपुर का है मामला गांव आसपुर निवासी सहीक मोहम्मद ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव में उसकी जमीन है। जिस पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव, सुबोध कुमार, प्रमोद कुमार व पुष्पेंद्र कुमार ने कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि 29 मई 2021 को जुगेंद्र सिंह व रामेश्वर सिंह उसे पकड़वाकर अपने धानमिल ले गए। कुछ देर बाद उसका भाई रमन मोहम्मद भी वहां पहुंच गया। इस दौरान आरोपियों ने उसके गले में अंगोछा डालकर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़ित की नहीं हुई थी सुनवाई पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने कहा कि %तुम लोग ज्यादा प्रार्थनापत्र देते हो, तीन महीने बाद तुम्हें देख लूंगा। तुम्हारी जमीन पर तुमको पूरा कब्जा दूंगा। इस मामले में उस समय प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मलावन थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बता दें पिछले सप्ताह मलावन थाने में दोनों सपा नेताओं पर व पुत्र पर जमीन पर कब्जा करने की एक और रिपोर्ट दर्ज की गई थी। हिंदूनगर निवासी व्यक्ति ने उसकी करोड़ों रुपये की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। हिंदूनगर निवासी गीतम सिंह ने मलावन थाने में अलीगंज के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव, फर्रुखाबाद जनपद के राजेपुर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुबोध कुमार सहित एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि आसपुर चौराहा के पास उसकी जमीन थी। पिता की मौत के बाद जमीन मां और हम भाइयों के नाम आ गई थी। जीटी रोड पर जमीन होने के कारण दबंगों की निगाह थी। उन्होंने सपा सरकार में जमीन पर कब्जा कर लिया।

## युवती के चेहरे पर डाल दिया ज्वलनशील पदार्थ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बाजार से घर जा रही युवती के चेहरे पर कोई ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया। परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। बाइक पर युवकों की पुलिस तलाश कर रही है। कोतवाली नगर के मोहल्ला मारहरा दरवाजा निवासी युवती बाजार में आई थी। शुक्रवार की शाम को वह घर जा रही थी कि रास्ते में दो बाइक सवार युवकों ने उसे रोककर जमीन पर गिरा दिया। इसी समय उसके चेहरे पर कोई पदार्थ डाल दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। मामले की जानकारी परिजनों को दी गई। युवती को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## जमीनी विवाद में भाई ने की भाई की पीट-पीटकर निर्मम हत्या

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शोंच के लिए गए 65 वर्षीय महेंद्र को छोटे भाई श्यामवीर ने पीट पीटकर की निर्मम हत्या। दोनो भाईयो में रास्ते को लेकर रहता था विवाद 10 दिन पूर्व हुआ था झगड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस। मृतक के बेटे की तहरीर पर आरोपी भाई के खिलाफ किया मामला दर्ज। एटा थाना सकरौली क्षेत्र के गांव पाडमलपुर का है मामला।

# 'हमेशा सही फैसले लेते हैं शिंदे, मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं उन्हें'; बगावती नेता के गांव वाले बोले

महाराष्ट्र में चल रहे राजनीतिक उथल-पुथल के केंद्र में रहने वाले एकनाथ शिंदे के गांव वाले उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर देखना चाहते हैं। सतारा जिले के डेरे गांव के निवासी शिवसेना नेता को जनता का आदमी के रूप में याद करते हैं। कुछ को लगता है कि वह हमेशा सही फैसला लेते हैं। करीब 80 घरों वाले गांव के लोगों का कहना है कि वे शिंदे के साथ मजबूती से खड़े हैं और उन्हें जल्द ही राज्य का मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं।58 वर्षीय शिंदे सतारा के रहने वाले हैं। उन्होंने खुद को मुंबई से सटे ठाणे-पालघर क्षेत्र में एक प्रमुख शिवसेना नेता के रूप में स्थापित किया है। ठाणे शहर के कोपरी-पछपाखड़ी के मौजूदा विधायक जनहित के मुद्दों के प्रति आक्रामक रुख के लिए जाने जाते हैं। कोयना नदी के किनारे बसे डारे गांव के स्थानीय निवासियों ने कहा कि वे शिंदे का तहे दिल से समर्थन करते हैं। यह गांव वाई-महाबलेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है।



### शिंदे साहब के साथ हम मजबूती से खड़े

रूपेश शिंदे ने कहा, हम शिंदे साहब के साथ मजबूती से खड़े हैं। उनके जैसा कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है। वह हर घर तक पहुंचते हैं और गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करते हैं। हमारी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ हैं। नेता अक्सर अपने पैतृक स्थान का दौरा करते हैं और आखिरी बार गांव में एक महीने पहले आए थे।

### 35-40 वर्षों से लोगों की मदद कर रहे शिंदे

एक दूसरे स्थानीय निवासी ने कहा, शिंदे साहब के काम और योगदान ने हमें उनके प्रति अपने प्यार और कृतज्ञता को व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। शिंदे साहब का हर निर्णय उचित है और एक गांव के रूप में हम उनके साथ हैं। एक अन्य ग्रामीण संपत शिंदे ने बताया कि शिंदे पिछले 35-40 वर्षों से लोगों की मदद कर रहे हैं। अच्छा समय हो या बुरा, वह हमेशा लोगों के साथ रहते हैं। वह गरीबों और जरूरतमंदों की समस्याओं को हल करने के लिए आगे बढ़ते हैं।

WWW.KNLSLIVE.COM

# बालिग बेटी भी गुजाराभत्ता की हकदार, अदालत ने कहा, बेटी शादी से पहले तक पिता से ले सकती है अपने तमाम खर्च



एक बालिग बेटी की गुजाराभत्ता याचिका को अदालत ने मंजूर कर लिया है। अदालत ने पिता को कहा है कि वह बेटी को गुजाराभत्ता रकम के तौर पर दस हजार रुपये की भरपाई करे। अदालत ने पिता की इस दलील को खारिज कर दिया कि बेटी बालिग है। अब वह गुजाराभत्ता मांगने का अधिकार नहीं रखती। कड़कड़डूमा कोर्ट स्थित परिवार अदालत ने अपने फैसले में कहा कि कानून के हिसाब से बेटी बालिग होने तक ही नहीं बल्कि शादी से पहले तक पिता से अपने तमाम खर्च प्राप्त कर सकती है। अदालत ने यह भी कहा कि अगर पिता यह कहता है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है और बेटी को गुजाराभत्ता नहीं दे सकता, तो ऐसे में पिता की हैसियत के हिसाब से बेटी गुजाराभत्ता पाएगी। उच्च शिक्षा का खर्च भी उठाएगा पिता - इस मामले में 19 वर्षीय बेटी ने पिता से उच्च शिक्षा का खर्च देने की मांग भी अदालत के समक्ष रखी थी। पिता पेशे से कारोबारी है, लेकिन वह बेटी के बालिग होने का हवाला देकर शिक्षा का खर्च उठाने को भी तैयार नहीं हो रहा था। पिता का कहना था कि वह बचपन से अपनी मां के साथ रही है, इसलिए बेटी अगर उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती है तो यह उसकी जिम्मेदारी नहीं है। इस पर अदालत ने पिता को फटकार लगाते हुए कहा कि पिता बच्चों के लिए एक छत की तरह होता है। बेशक बेटी अलग रही है, लेकिन अगर पिता बेटी को उच्च शिक्षा दिलाने के काबिल है तो उसे यह कर्तव्य पूर्ण करना होगा। अदालत ने पिता को आदेश दिया है कि बेटी की उच्च शिक्षा के तमाम खर्च पिता उठाए। यह है मामला = 19 वर्षीय युवती की मां और पिता का सात साल पहले तलाक हो चुका है। पिता ने दूसरी शादी कर ली है। मां एक निजी स्कूल में टीचर है। लड़की ने अपनी याचिका में कहा है कि मां की तनख्वाह से बमुश्किल घर चल पाता है, जबकि पिता कारोबारी हैं। उनकी मासिक आय भी तीन लाख रुपये से ज्यादा है, लेकिन वह खर्च नहीं दे रहे।

### कानून में यह है प्रावधान

अदालत ने कहा कि बेटी के लिए कानून में विशेष तौर पर कहा गया है कि बेटी पिता के लिए तब तक जिम्मेदारी है जब तक वह खुद का खर्च उठाने के काबिल ना हो जाए। शादी के बाद अपने आप यह जिम्मेदारी उसके पति पर स्थानांतरित हो जाती है। इससे पहले पिता किसी भी हालत में बेटी का खर्च उठाने से बच नहीं सकता।

### 15 लाख टर्नओवर फिर भी आनाकानी

पिता की ओर से अदालत में दायर हलफनामे में भी माना गया है कि उसका सालाना टर्नओवर 15 लाख रुपये से अधिक है। पिता की आर्थिक स्थिति बेहतर होते हुए भी वह बेटी पर खर्च करने में आनाकानी कर रहा था। ऐसे में अदालत ने तमाम तथ्यों को देखते हुए बेटी के गुजाराभत्ता समेत उसकी पढ़ाई का खर्च उठाने का आदेश पिता को दिया है।

# मुख्यमंत्री योगी का आह्वान, बोले- वैज्ञानिक शोध पत्र लिखें और पेटेंट कराएं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया है कि वह जिस क्षेत्र में हैं वहां अधिक से अधिक शोध पत्र लिखें। नए शोध कार्यों और अनुभवों को सामने लाएं। नए शोधार्थियों को उनके बारे में बताएं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नल में शोध पत्रों का प्रकाशन कराएं। शोध कार्यों का पेटेंट कराएं। इससे हम आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को एकेटीयू में शुरू हुए दो दिवसीय विज्ञान भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कोई भी नया ज्ञान विज्ञान है। ज्ञान जहां से भी आए उसे ग्रहण करना चाहिए। यही वैज्ञानिक दृष्टि है। हमारे यहां मंत्रों में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण झलकता है। कहा गया है कि कोई वस्तु नष्ट नहीं होती पूर्णता बनी रहती है। हम सरकारी काम भले ही अंग्रेजी में करते हैं लेकिन घर के कार्यक्रम भारतीय पद्धति से करते हैं। अंग्रेजी में वैज्ञानिक दृष्टि नहीं है। उन्होंने कहा कि कौन मुहूर्त कब होगा, यह हमें भारतीय पद्धति से ही स्पष्ट पता चलता है। सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, पूर्णिमा और अमावस्या कब होगी? इसकी सही जानकारी भारतीय पंचांग से ही मिलती है। मनुष्य में ही संवेदना नहीं होती बल्कि हर एक जंतु में संवेदना होती है। यह दृष्टि दुनिया को हमारे वैज्ञानिकों ने दी। हमारे दर्शन में हजारों साल पहले गीता ज्ञान में बता दिया गया कि आत्मा अमर है। आज किसी भी कार्य को वैज्ञानिक दृष्टि से देखने की आदत खत्म हो रही है, इसे सुधारना होगा। हमारी प्रतिदिन की घटनाएं हमें वैज्ञानिक सोच के प्रति जागरूक करती हैं। इसलिए हमें एक ढर्रे पर चलने की बजाए कुछ नया करना होगा। उन्होंने कह कि नई शिक्षा नीति इस क्षेत्र में आने वाले समय में सहायक होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता आंदोलन एवं विज्ञान विषयक पुस्तक के हिंदी व मराठी संस्करण का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में विज्ञान भारती के निवर्तमान अध्यक्ष पद्मभूषण डॉ. विजय भटकर, अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ. शेखर मांडे, एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर आदित्य मिश्रा, आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर व देश भर से आए विज्ञान भारती के पदाधिकारी मौजूद थे।

# 'तुमने चेहरा नहीं दिखाया तो ट्रेन से कटकर मर जाऊंगा', अनजान दोस्त की धमकियों से आहत छात्रा ने की खुदकुशी



बरेली में मोबाइल पर चैटिंग से शुरू हुई अनजान युवक से दोस्ती ने इज्जतनगर की रहने वाली छात्रा की जान ले ली। छात्रा अनजान दोस्त की धमकियों से इस कदर आहत हो गई कि उसने जहर खा लिया। दरअसल युवक वीडियो चैटिंग के दौरान छात्रा पर चेहरा दिखाने का दबाव बना रहा था। चेहरा न दिखाने पर ट्रेन से कटकर मर जाने की धमकी दे रहा था। अनजान दोस्त की इस धमकी के बाद छात्रा ने उसे करीब 40 बार कॉल की, लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। अनहोनी की आशंका से छात्रा घबरा गई और उसने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन को जानकारी हुई तो वे उसे अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इज्जतनगर की एक कॉलोनी में रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा की एक युवक से व्हाट्सएप पर चैटिंग होती थी। किशोरी की मौत के बाद जब परिजन ने उसका मोबाइल देखा तो उन्हें व्हाट्सएप पर चैटिंग के बारे में पता चला। हालांकि दोनों के बीच फोन पर भी बात होती थी लेकिन लड़की ने कभी अपना चेहरा लड़के को नहीं दिखाया था। लड़का लगातार छात्रा पर चेहरा दिखाने का दबाव बना रहा था। बात न मानने पर उसने ट्रेन से कटकर मरने की धमकी भी दी थी, लेकिन किशोरी ने उसकी बात नहीं मानी। परिजनों की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने आलोकनगर में रहने वाले आरोपी संचित अरोड़ा के खिलाफ किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। परिजनों का कहना है कि संचित ने चैटिंग में यह धमकी भी दी थी कि 'अगर तुम्हें कुछ हुआ तो तुम्हारे घर वालों को मार दूंगा।'

# अब जहां चालान वहीं होगा जुर्माने का डिजिटल भुगतान, प्रदेश की ट्रैफिक पुलिस 10 हजार POS मशीनों से होगी लैस



एडीजी ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वाहन का चालान होने पर चौराहों के ट्रैफिक पुलिस बूथ पर पोस मशीन के जरिए डेबिट कार्ड अथवा क्यूआर कोड स्कैन करके भी चालान का डिजिटल पेमेंट किया जा सकेगा। यातायात पुलिस को हाईटेक बनाने की दिशा में ट्रैफिक निदेशालय ने एक कदम और आगे बढ़ाया है। इसके तहत अब वाहनों के चालान की रकम के लिए पोस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन से मौके पर ही डिजिटल भुगतान की व्यवस्था की गई है। पूरे प्रदेश के सभी जिलों की ट्रैफिक पुलिस को करीब 10,000 पोस मशीनों से लैस किया जाएगा। यह व्यवस्था लागू करने के लिए प्रथम चरण के लिए 2000 मशीनें आ गई हैं। इनमें से 50 लखनऊ ट्रैफिक पुलिस को मिली हैं, जिनका ट्रायल शुरू हो गया है। वर्तमान में चालान का जुर्माना एसपी ट्रैफिक अथवा डीसीपी ट्रैफिक कार्यालय या अन्य निर्धारित स्थानों पर ही जमा करने की सुविधा है। चालान की रकम ऑनलाइन भी जमा की जा सकती है। और अब मौके पर ही डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था की गई है। एडीजी ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वाहन का चालान होने पर चौराहों के ट्रैफिक पुलिस बूथ पर पोस मशीन के जरिए डेबिट कार्ड अथवा क्यूआर कोड स्कैन करके भी चालान का डिजिटल पेमेंट किया जा सकेगा। पुलिस को प्रशिक्षण देगा एसबीआई स्टाफ अशोक कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को पोस मशीन से डिजिटल पेमेंट कराने के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी एसबीआई के स्टाफ को दी गई है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में शनिवार को एसबीआई के कर्मचारी पुलिस को इसके टिप्स देंगे। इस मशीन के जरिए पुराने चालान भी जमा कराने की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही पोस मशीनों को यूपीआई पेमेंट के लिए एक्टिवेट कराया जाएगा।

# स्टीमर से घूम-घूमकर ले सकेंगे कान्हा की लीलाओं का आनंद, गोकुल से वृंदावन तक यमुना नदी पर चलेगी स्टीमर



अयोध्या के बाद कान्हा की नगर मथुरा का कायाकल्प होने जा रहा है। योगी सरकार मथुरा-वृंदावन को हाईटेक बनाकर दुनियाभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने जा रही है। इसी कड़ी में अब गोकुल से वृंदावन तक का सफर सैलानी यमुना नदी पर स्टीमर के जरिए कर सकेंगे। भक्ति की भक्ति और रोमांच का रोमांच। योगी सरकार की इस नई योजना पर नई दिल्ली ने भी मुहर लगा दी है। शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच बैठक में इसपर फैसला हुआ। अब जल्द ही इसको लेकर काम शुरू भी हो जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्वानंद सोनोवाल के साथ बैठक में मथुरा-वृंदावन के कायाकल्प को लेकर रोडमैप तैयार किया गया। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने सरकार के सामने ये प्रस्ताव रखा था कि यमुना नदी पर स्मीटर के जरिए श्रद्धालुओं को दर्शन करवाए जाएं। वृंदावन से गोकुल की दूरी करीब 14 किलोमीटर है जिसे स्टीमर के जरिए तय करने पर सहमति बनी है। इस रूट पर कई स्टॉपेज होंगे जिसका खाका तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा 40 करोड़ की लागत से कृष्ण कन्वेंशन सेंटर बनाने की भी योजना है जिसमें भगवान कृष्ण की जीवनी होगी। देश-विदेश से आने वाले सैलानियों को भगवान कृष्ण से जुड़ी सारी जानकारी इस कन्वेंशन सेंटर में आसानी से मिल जाएगी।

# यशवंत सिन्हा ने मोदी और राजनाथ से मांगा समर्थन, आडवाणी से आशीर्वाद, सोमवार को भरेंगे नामांकन



18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत राजग ने द्रौपदी मुर्मू को अपना प्रत्याशी नियुक्त किया है। मुर्मू ने कल पीएम मोदी समेत दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल कर दिया। अगले माह होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के साझा प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने भाजपा के शीर्ष नेता लालकृष्ण आडवाणी, पीएम नरेंद्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी समर्थन मांगा है। 84 वर्षीय सिन्हा अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय वित्त व विदेश मंत्री रह चुके हैं। 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत राजग ने द्रौपदी मुर्मू को अपना प्रत्याशी नियुक्त किया है। मुर्मू ने कल पीएम मोदी समेत दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल कर दिया। मुर्मू को कई गैर राजग दलों का भी समर्थन हासिल है, इसलिए उनकी जीत तय मानी जा रही है, लेकिन विपक्ष के साझा प्रत्याशी सिन्हा भी मैदान में डटे हुए हैं। वे सतत प्रचार अभियान चला रहे हैं। यशवंत सिन्हा ने शुक्रवार को पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से संपर्क किया। पीटीआई के अनुसार उन्होंने दोनों नेताओं से अपनी उम्मीदवारी का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने भाजपा के वयोवृद्ध व शीर्ष नेता लालकृष्ण आडवाणी से भी आशीर्वाद मांगा। अटल सरकार में आडवाणी उप प्रधानमंत्री रहे थे और उसी सरकार में सिन्हा केंद्रीय मंत्री रहे थे। लंबे समय तक भाजपा में रहने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। मोदी सरकार-1 में उनके पुत्र जयंत सिन्हा वित्त मंत्री रहे थे। जयंत सिन्हा अभी भी भाजपा सांसद हैं, लेकिन उन्हें मोदी सरकार-2 में मंत्री नहीं बनाया गया।

### सीएम सोरेन को याद दिलाया वादा, पर प्रचार टाला

सिन्हा ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को भी फोन किया। सिन्हा ने उन्हें याद दिलाया कि उनकी पार्टी झामुमो ने विपक्ष के साझा प्रत्याशी के समर्थन का एलान किया था। सिन्हा शुक्रवार को झारखंड से प्रचार शुरू करने वाले थे, लेकिन अब झामुमो ने भी संथाल आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्म का समर्थन कर दिया है, इसलिए उन्होंने यह टाल दिया।

### सोमवार को भर सकते हैं नामांकन

सिन्हा 27 जून सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं। इस मौके पर विपक्ष के दिग्गज नेताओं के मौजूद रहने की संभावना है।

### मुर्मू ने मांगा सोनिया, पवार, ममता से समर्थन

सिन्हा से पहले राजग की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, प्रमुख ममता बनर्जी से समर्थन मांगा। चुनाव आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान 18 जुलाई का होगा और परिणाम 21 जुलाई को आएंगे। मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को खत्म होगा।

# SBI ग्राहकों के लिए अच्छी खबर, इस नए टोल-फ्री नंबर पर भी मिलेगी बैंकिंग सुविधाएं




देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के ग्राहक हैं तो ये खबर आपके लिए है। बैंक अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए एक नया टोल-फ्री नंबर लॉन्च किया है। यह टोल-फ्री नंबर 18001234 है। इस पर कॉल कर आप एसबीआई की बैंकिंग सेवाओं के बारे में जानकारी ले सकते हैं। इसके अलावा आप बैंकिंग सुविधाओं के लिए अनुरोध भी कर सकते हैं। बीते दिनों एसबीआई ने सोशल मीडिया पर इस टोल-फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी थी। इस नए टोल-फ्री नंबर का उपयोग करते हुए आप बैलेंस इंक्वायरी, अंतिम 5 लेनदेन, एटीएम कार्ड की रिक्वेस्ट की अपील कर सकते हैं। इसके अलावा एटीएम कार्ड ब्लॉकिंग और डिस्पैच स्टेटस की जानकारी ले सकते हैं। इसके अलावा आप चेक बुक के डिस्पैच स्टेटस के बारे में पूछ सकते हैं। एसबीआई ने अपनी वेबसाइट पर बताया है, कृपया एसबीआई के 24ङ्ग7 हेल्पलाइन नंबर यानी 1800 1234 (टोल-फ्री), 1800 11 2211 (टोल-फ्री), 1800 425 3800 (टोल-फ्री), 1800 2100 पर कॉल करें। टोल फ्री नंबर देश में सभी लैंडलाइन और मोबाइल फोन से उपलब्ध हैं।

# 1 जुलाई से बदल जाएंगे ये जरूरी नियम, आपकी जेब पर पड़ेगा सीधा असर, चेक करें डिटेल

जून का महीना खत्म होने को है और जुलाई का महीना शुरू होने वाला है। इस महीने की पहली तारीख यानी 1 जुलाई से कई बड़े बदलाव हो रहे हैं जिसका सीधा असर आपकी जेब पड़ेगा। आइये जानते हैं कौन-कौन से ऐसे बदलाव हैं, जो आप पर असर डालेंगे

1. PAN- Aadhaar Linking: अगर आपने अभी तक अपना आधार-पैन कार्ड लिंक नहीं किया है तो अब आपके पास केवल एक हफ्ते ही बचे हैं। अपने आधार को पैन से फटाफट लिंक करा लें। आधार पैन को लिंक करने की आखिरी तारीख 30 जून है। आपको बता दें कि अगर आप 30 जून से पहले यह काम करवा लेते हैं तो आपको 500 रुपये जुर्माना देना होगा, लेकिन उसके बाद आपको दोगुना हर्जाना देना होगा।

2. TDS On Cryptocurrency: 1 जुलाई से क्रिप्टोकरेंसी के निवेशकों को बड़ा झटका लगने वाला है। अगले महीने से सभी क्रिप्टो के ट्रांजैक्शन पर 1 फीसदी टीडीएस का भुगतान करना होगा। फिर चाहे उसे मुनाफे में बेचा गया हो या नुकसान में। आपको बता दें कि साल 2022-23 से क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले इनकम पर 30 फीसदी टैपिटल गेन टैक्स लगाने का फैसला किया है। अब 1 जुलाई से क्रिप्टो के लेन देन पर 1 फीसदी टीडीएस का भी भुगतान करना होगा।

3. 1 जुलाई से महंगे होने वाले हैंC: अगले महीने से आपको एयर कंडीशनर (Air Conditioner) खरीदना महंगा पड़ेगा। दरअसल, BEE ØæÜè Bureau of Energy Efficiency ने एयर कंडीशनर्स के लिए एनर्जी रेटिंग रूल्स में बदलाव कर दिया है। यह बदलाव 1 जुलाई से लागू होगा। इसका मतलब है कि 1 जुलाई से 5-स्टार एसी की रेटिंग सीधे 4-स्टार हो जाएगी। नई एनर्जी एफिशिएंसी दिशानिर्देशों के परिणामस्वरूप, भारत में एसी की कीमतों में आने वाले समय में 7-10 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

4. 1 जुलाई से बदल जाएगी ऑफिस की टाइमिंग देश में 4 लेबर कोड (श्रम संहिता) के लागू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो 1 जुलाई से लेबर कोड के नए नियम लागू हो जाएंगे। इसके लागू होने के साथ ही इन हैंड सैलरी, कर्मचारियों की ऑफिस टाइमिंग, पीएफ कंट्रीब्युशन के अलावा ग्रेच्युटी आदि पर असर पड़ने की संभावना है। कामकाज के अधिकतम घंटों को बढ़ाकर 12 करने का प्रस्ताव पेश किया है। कर्मचारियों को 4 दिन में 48 घंटे यानी हर दिन 12 घंटे काम करना होगा। कर्मचारियों

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# 1983 World Cup: 39 साल पहले आज ही दिन शुरू हुई थी भारत के वर्ल्ड क्रिकेट पर राज करने की कहानी!



भारतीय क्रिकेट को बुलंदियों पर पहुंचाने में कई कप्तानों समेत खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा। इस सुनहरे सफर के दौरान टीम इंडिया ने कई उतार-चढ़ाव भी देखे, खिलाड़ियों पर लगे मैच फिक्सिंग के आरोपों ने एक समय पर क्रिकेट को शर्मसार किया तो युवा टीम ने विदेशी सरजमीं पर तिरंगा लहराने का काम भी किया। मगर इस सफर की शुरुआत कब हुई यह जानना काफी अहम है। 39 साल पहले आज ही के दिन जब टीम इंडिया ने कपिल देव की अगुवाई में पहला वर्ल्ड कप खिताब जीता था तब ही भारत के वर्ल्ड क्रिकेट पर राज करने की कहानी की शुरू हुई थी। भारत ने फाइनल में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को धूल चटाकर यह इतिहास रचा था। टीम इंडिया जब इंग्लैंड में 1983 का वर्ल्ड कप खेलने पहुंची थी तो फैंस छोड़िए कई खिलाड़ियों को भी जीत की उम्मीद नहीं थी। इस ऐतिहासिक वर्ल्ड कप पर अब तो फिल्म भी आ गई है जिसमें साफ देखने को मिला है कि बोर्ड को भी अपने खिलाड़ियों पर भरोसा नहीं था। भरोसा हो भी कैसे टीम इंडिया ने इससे पहले खेले गए दो वर्ल्ड कप में मात्र एक ही मैच जीता था। वहीं वर्ल्ड कप शुरू होने से ठीक पहले टीम बदलाव के दौर से भी गुजर रही थी, कप्तानी की जिम्मेदारी सुनील गावस्कर की जगह कपिल देव को सौंपी गई थी। वर्ल्ड कप के दौरान कपिल देव ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी थे जो खिताब जीतने का सपना आंखों में संजोए बैठे थे।

### वर्ल्ड कप में भारत का हुआ जोरदार आगाज

दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को 34 रनों से धूल चटाकर भारत ने 1983 वर्ल्ड कप का आगाज जोरदार अंदाज में किया था। यशपाल शर्मा इस मैच में टीम इंडिया के हीरो रहे थे जिन्होंने 89 रनों की पारी खेल टीम की जीत में अहम योगदान दिया था। इसके बाद टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे के दूसरे मुकाबले में 5 विकेट से धूल चटाकर हर किसी को चौंका दिया था। बतौर अंडरडॉग वर्ल्ड कप में पहुंची इस टीम को ऐसा धाकड़ प्रदर्शन करता देख हर कोई हैरान था।

### भारत को ले डूबा ओवर कॉन्फिडेंस

शुरुआती दो मैचों की जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों में ओवर कॉन्फिडेंस आ गया था जिसने टीम इंडिया की लुटिया डुबोई। भारत को तीसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 162 रनों से हराया, वहीं विंडीज ने चौथे मुकाबले में 66 रनों से जीत दर्ज कर हार का बदला लिया। अब नॉकआउट स्टेज में जगह बनाने के लिए टीम इंडिया को अगले दो मुकाबले जीतने थे। जिसमें कप्तान कपिल देव ने फ्रंट से लीड किया।

### कपिल देव के बल्ले से निकली थी ऐतिहासिक पारी

जिम्बाब्वे के खिलाफ हुए अगले मुकाबले में भारत की शुरुआत निराशाजनक रही थी। महज 9 रन पर टीम इंडिया ने चार विकेट खो दिए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान कपिल देव ने 175 रनों की ऐतिहासिक पारी खेल मैच को पलट दिया था। उस समय यह किसी बल्लेबाज द्वारा एक पारी में बनाए गए सर्वाधिक रन थी। भारत ने यह मैच 31 रनों से जीता, इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को टीम इंडिया ने 118 रनों से हराकर सेमीफाइन में प्रवेश किया।

### सेमीफाइनल में इंग्लैंड को तो फाइनल में वेस्टइंडीज को किया चित

सेमीफाइनल में टीम इंडिया का मुकाबला इंग्लैंड से हुआ जहां ऑलराउंड परफॉर्मेंस के दम पर टीम इंडिया ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। अब भारत खिताब से महज एक कदम दूर था, मगर टीम इंडिया के सामने विंडीज की कठिन चुनौती थी। वेस्टइंडीज 1975 और 1979 वर्ल्ड कप में एक भी मैच नहीं हारा था और 1983 में भी भारत के अलावा किसी टीम ने उन्हें धूल नहीं चटाई थी। 25 जून को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 183 रनों पर ही ढेर हो गई। वेस्टइंडीज की धाकड़ बल्लेबाजी के सामने गेंदबाज पहले ही हार मान चुके थे, मगर कपिल देव ने खिलाड़ियों में जोश जगाकर जीत की ओर बढ़ने का रास्ता दिखाया और फिर वो हुआ जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। भारत ने विंडीज को फाइनल में 140 रनों पर ढेर कर खिताब अपने नाम किया। 1983 का यह पल आज भी क्रिकेट प्रेमियों के रौंगटे खड़े कर देता है।

# ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर की गैरमौजूदगी में इन 2 खिलाड़ियों को आयरलैंड सीरीज में मिल सकता है मौका

स्ट्रोक खेलने वाले शानदार खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव और संजू सैमसन रविवार से आयरलैंड के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में एकादश में श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की जगह वापसी करेंगे। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टेस्ट टीम के साथ इस समय लीसेस्टर में हैं इसलिये (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला के लिये टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करेंगे। और उनके द्रविड़ का अनुकरण करने की उम्मीद है।अय्यर और पंत टेस्ट टीम में हैं तो सूर्य और सैमसन निश्चित रूप से की चोट के बाद वापसी कर रहे हैं जबकि सैमसन के लिये अपनी काबिलियत अंतिम मौका हो सकता है जिसका वह बखूबी इस्तेमाल सूर्य पिछले एक साल से भारत की टी20 नियमित खिलाड़ी हैं और अपने स्थान पर जहां तक सैमसन की बात है तो उनके सकते हैं जो अपनी ऑफ स्पिन से कुछ कर सकते हैं और उनमें गेंद को हिट करने काबिलियत है।हालांकि अगर कोच द्रविड़ तरीका देखें तो वह ज्यादा विकल्प तलाश करते। और भारत जब तक एशिया कप स्थानों को भी तय करने की जरूरत होगी। गायकवाड़ ज्यादा सफल नहीं रहे हैं तो चेन्नई इस सलामी बल्लेबाज को शायद कमजोर खिलाफ एक दो मौके और दिये जा सकते हैं ताकि जुटाकर आत्मविश्वास हासिल कर सकें।ईशान रिजर्व सलामी बल्लेबाज के तौर पर अगले कुछ महीनों स्थान पक्का कर लिया है और वह अपनी भूमिका में रहेंगे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के इंग्लैंड चरण में आगाज करेंगे।कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या ने स्थान पर बरकरार रहने की उम्मीद है जबकि दिनेश है तो वह परिस्थितियों के हिसाब से पंड्या से आगे भी को आजमायेंगे या नहीं या फिर भुवनेश्वर कुमार और



भारतीय टीम के अंतिम राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी द्वारा बनायी गयी योजना शुरूआत करेंगे। सूर्य कलाई साबित करने का यह करने की कोशिश करेंगे। अंतरराष्ट्रीय टीम के वापसी करेंगे। लेकिन विकल्प दीपक हुड्डा हो ओवर गेंदबाजी भी भी अच्छी की योजना का करने में विश्वास नहीं खेलता है तो उन्हें ऋतुराज सुपर किंग्स के आयरलैंड के वह कुछ रन किशन ने के लिये अपना कुछ समय के लिये जारी नियमित कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का पिछली श्रृंखला में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी की थी और उनके इसी कार्तिक उनके एक स्थान नीचे आयेंगे। हालांकि कार्तिक को एक विशिष्ट भूमिका दी गयी उतर सकते हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि द्रविड़ या लक्ष्मण जम्मू एक्सप्रेस उमरान मलिक या अर्शदीप सिंह आवेश खान के साथ जारी रहेंगे जिसमें उनके साथ स्पिनर के स्थान पर अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल होंगे।